


## प्रश्न पत्र - नमूना

# तिरुवनंतपुरम शैक्षिक जिला

कक्षा 10

# प्रश्न पत्र - नमूना
## Sample Question Paper

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं। कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है। रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है।

1. रणविजय की परेशानी का कारण क्या था ?

2. कलाम यह जानता है।
'**कलाम**' के स्थान पर '**लड़के**' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

3. क्रिया का सही रूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।
रणविजय परेशान ------------------ ।
१. होने लगी
२. होने लगा
३. होने लगे

4. एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं। इस अवसर पर कलाम और रणविजय के बीच हुई बातचीत की पूर्ति करें।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

कलाम : क्या हुआ दोस्त ? परेशान क्यों हो ?
रणविजय: कल स्कूल में हिंदी भाषण देने को कहा है।
कलाम : तो ?
रणविजय: ......................................................................
कलाम : ......................................................................
रणविजय: आप ? ....आप कैसे लिखेंगे ?
कलाम : ......................................................................
रणविजय: ......................................................................
कलाम : चिंता मत करो। रात को लिखकर सुबह दे दूँगा।
रणविजय: ......................................................................

**सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ !

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

5. कवितांश के आधार पर किसका पक्ष असत्य है ?

(अकेली आवाज़ का, निहत्थी आवाज़ का, बड़े-बड़े महारथी का)

6. **'लोहा लेना'** का अर्थ क्या है ?

(सामना करना, सम्मान करना,सहायता करना)

7.निम्नलिखित आशयवाली **पंक्तियाँ** कविता से चुनकर लिखें।

निरायुध की अकेली आवाज़ को भी अपने अधिकार के बल पर मिटा देना चाहें।

8.कवितांश का आशय लिखें।

**सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का यह अंश पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कविता के अर्थ इतने सहज और साफ़ हैं कि उन्हें व्याख्या की दरकार नहीं है। सरल शब्दोंवाले वाक्य स्वयं ही अपना मर्म कह देते हैं। "**व्यक्ति** को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था" कहते ही वे "जानने" की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम,पते,उम्र,ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है।

9.सही विकल्प चुनकर लिखें।

(उन+के=उन्हें, वे+को =उन्हें, वह+को =उन्हें)

10.कविता  के लिए व्याख्या की ज़रूरत नहीं है। क्यों?

11.किसी **व्यक्ति** को 'जानने' की जानी-पहचानी रूढ़ि क्या है?

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

12.मान लें,आपके स्कूल में 8 फरवरी 2021 को सुबह 10 बजे एक संगोष्ठी आयोजित है। संगोष्ठी का विषय है 'मनुष्य को मनुष्य की तरह जानना ज़रूरी है।' इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 13 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वह ताऊजी के पास जाकर बोली, “ देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया?” ताऊजी बोले, "भूला नहीं है रे....अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।” गुठली, "पर ताऊजी उसमें भइया के छोटे-से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा.....।” "तो क्या हुआ? तेरा नाम तेरे अपने कार्ड में छपेगा यहाँ नहीं....अब चल भाग यहाँ से।"

13. गुठली का नाम कार्ड पर नहीं था। इसका क्या कारण था?

14. पाठ के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर गुठली की डायरी लिखें।

**सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह-सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक **पंक्ति** है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

15. 'हमारे समय की सबसे भयानक **पंक्ति** है यह।' वह **पंक्ति** कौन-सी है?

16.निम्नलिखित आशयवाली **पंक्तियाँ** कविता से चुनकर लिखें।

सुबह होते ही कोहरे से ढके रास्ते से होकर बच्चे काम पर जा रहे हैं।

17. जून 12, विश्व बालश्रम विरुद्ध दिन से संबंधित एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 18 से 22 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

उन दिनों पैन में पाँच पैसे में नीली स्याही भरी जाती थी। स्टेशनरी की दुकानवाले ड्रॉपर से पैन में स्याही भरते थे। पैन में कुछ स्याही बची थी,उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे।

18. 'नीली स्याही' में निहित विशेषण शब्द कौन-सा है ?

19.सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

क. बेला ने बची हुई स्याही ज़मीन पर छिड़क दी।
ख. साहिल ने बची हुई स्याही ज़मीन पर छिड़क दी।
ग. दुकानदार ने बची हुई स्याही ज़मीन पर छिड़क दी।

20. वाक्य-पिरमिड़ की पूर्ति करें।

( ड्रॉपर से, दुकानवाले )

स्याही भरते थे।
पैन में स्याही भरते थे।
............................................
............................................................

ANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

21.दुकान पहुँचने से पहले ही साहिल ने पैन में बची स्याही ज़मीन पर छिड़क दी। क्या यह उचित था ? अपना मत प्रकट करें।

22. पाठ के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पटकथा लिखें।

**सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्रा वृत्त का यह अंश पढ़ें और 23 से 26 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

भोपाल स्टेशन पर मेरा मित्र अविनाश,जो वहाँ से निकलने वाले एक हिंदी दैनिक का संपादन करता था, मुझसे मिलने के लिए आया था। मगर बात करने की जगह उसने मेरा बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया और खुद मेरा सूटकेस लिए हुए नीचे उतर गया। इस तरह मुझे एक रात के लिए वहाँ रह जाना पड़ा।

23. अविनाश क्या काम करता था?

24.नमूने के अनुसार लिखें।

वह मुझसे मिलने के लिए आया था। वह मुझसे मिलने के लिए आएगा।

हम स्टेशन पर उतरे थे। हम स्टेशन पर ..................

25.'मगर बात करने की जगह उसने मेरा बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया और खुद मेरा सूटकेस लिए हुए नीचे उतर गया।' इस व्यवहार से दोनों के बीच की मित्रता पर क्या अंदाज़ा लगा सकते हैं?

26. 'इस तरह मुझे एक रात के लिए वहाँ रह जाना पड़ा।' यात्रा के बीच आए इस बदलाव के बारे में मोहन राकेश ने अपने मित्र को पत्र लिखकर बताया। वह पत्र कल्पना करके लिखें।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 27 से 31 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

लोगों में ठहाकों की हिस्सेदारी हुई और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे।अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की।चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार......दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

27.अंत में माँ जब चार्ली को लेने आई तो दर्शकों ने क्या किया?

28. तारीफ़ करना - इसका अर्थ कोष्ठक से चुनकर लिखें।
(बहस करना, हठ करना, प्रशंसा करना)

29. 'उसने जन्म ले लिया था।' इससे क्या मतलब है ?

30. सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| स्टेज पर | दर्शकों ने खड़े होकर तालियाँ बजाईं। |
| माँ उसे लेने आई तो | उसके बच्चे की तारीफ़ की। |
| लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर | यह पहला शो था। |
| दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का | जमकर पैसे बरसे। |

31.'दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।' इस घटना पर एक रपट तैयार करें।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT